आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 30.10.2020

गत 6 वर्षों से प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के रूप में "राष्ट्रीय एकता दिवस" पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

इस वर्ष रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए महाप्रबंधक सभागार, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 29.10.2020 को 17:00 बजे "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से माननीय रेल मंत्री द्वारा शपथ दिलाई गई। आरेडिका के महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों ने "राष्ट्रीय एकता" की शपथ ली। आरेडिका के सभी उप विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यस्थल पर भी "राष्ट्रीय एकता" की शपथ ली गई।

इसी क्रम में दिनांक 31.10.2020 को आरेडिका आवासीय परिसर के शॉपिंग कम्पलेक्स में एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने हेतु रेल सुरक्षा बल द्वारा मार्च-पास्ट का आयोजन किया जायेगा।

वर्तमान समय में कोविड-19 महामारी को देखते हुए प्रौद्योगिकी एवं अभिनव डिजिटल माध्यम के साधनो से राष्ट्रीय एकता दिवस के उद्देश्यों को जन-जन में प्रसारण किया जायेगा।

Rajre 30/10/2020

(राकेश रंजन)
कृते मुख्य जन-संपर्क अधिकारी